हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 28 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23.7 डिग्री

11 डीसी के आदेश के बाद बेसहारा पशु पकड़ो...



12 गणपति महोत्सव की धूम, बच्चों ने लगाए...



**मौसम की मार:** सामान्य से 40 फीसदी से अधिक बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें

# बरसाती पानी बना आफत, 100 से अधिक गांवों में जलभराव

## करीब 57 हजार 832 एकड़ में जलभराव, जल निकासी के प्रशासन के प्रयास नाकाफी

◆ प्रशासन की तरफ से पानी निकासी का कार्य लगातार जारी। जलस्तर ऊपर आने तथा कई क्षेत्रों में माइनर टूटने के कारण जल निकासी के कार्यों में दिक्कत आ रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले में मानसून के चालू सीजन में सामान्य से करीब 40 फीसद से अधिक बारिश लोगों के लिए आफत बन गई है। खासकर जिले के ग्रामीण एरिया में बरसाती पानी की निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने के कारण हालात बेहद खराब हो चुके हैं। प्रशासन द्वारा तहसील वाइज तैयार एक रिपोर्ट के अनुसार जिले के करीब 100 गांव में ऐसे है, जहां पर जलभराव है। इनमें से कई गांव तो ऐसे है, जहां बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। जिले में करीब 57 हजार 832 एकड़ में जलभराव है। कई गांवों में लोगों पानी से घिरे होने के कारण घरों में कैद होकर रहे गए हैं।

उधर, प्रशासन की तरफ से पानी निकासी का कार्य लगातार जारी है, लेकिन जलस्तर ऊपर आने तथा कई क्षेत्रों में माइनर टूटने के कारण जल निकासी के कार्यों में दिक्कत आ रही है। किसानों का मानना है कि जलभराव के कारण उनकी फसलें बर्बाद हो गई है, अगर समय से बरसाती पानी की निकासी नहीं की गई तो रबी की फसलों की बिजाई पर भी संकट खड़ा हो सकता है।



हिसार। बरसाती पानी निकालने के लिए गांव सुलखानी में लगाया गया बर्मा।



हांसी। हांसी-बरवाला रोड स्थित भाटला गांव के खेतों में जमा बरसाती पानी।

### जिले के गांव शाहपुर व घिराय समेत कई गांवों में भरा पानी

जानकारी के अनुसार जिले के गांव शाहपुर, लुदास, न्योलीकलां, आर्यनगर, सीसवाल, सारंगपुर, कोहली, महलसरा, सातरोड, रायपुर, शिकारपुर, भगाना, गंगवा, मिर्जापुर, सुलखनी, राजली, धांसू, बुगाना, खरकड़ी, खोखा, घिराय, लितानी, चैनत, भाटला, रामायण, देपल, ढंढेरी, ढाणा कलां, ढाणा खुर्द, महेंद्रा, जमावड़ी, कुंभा, थुराना, जीतपुरा, भाटोल जाटान, सोरखी, गांव बास, बडाला, पुट्ठी, बढ़छप्पर, खरबला, मदन हेड़ी, सिंघवा खास, सीसर, मोहला, उगालन, भकलाना, धर्म खेड़ी, घुसकानी, पेटवाड़, पाली समेत कई गांवों में जलभराव है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उकलाना में भी हाल बेहाल

## जोहड ओवरफ्लो स्कूल में घुस गया पानी, बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित




उकलाना। राजकीय उच्च विद्यालय के सामने खड़ा पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना

कस्बे के वार्ड 1,11 व13 के अंतर्गत आने वाले जोहड़ ओवरफ्लो हो गए, जिससे राजकीय उच्च विद्यालय उकलाना गांव एवं राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय उकलाना गांव के स्कूलों में पानी घुस गया और बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हुई।

स्कूल का मुख्य द्वार जो मुख्य रूप से पानी में डूबा है, बच्चों को चप्पल के साथ में स्कूल जाना पड़ता है। राजकीय उच्च विद्यालय उकलाना गांव प्रबंधक कमेटी के प्रधान कृष्ण कुमार, स्कूल मुख्य अध्यापक रेनू लोहिया, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय के मुख्य शिक्षक युद्धवीर सिंह की ओर से नगर पालिका सचिव को पत्राचार किया गया कि इस समस्या का स्थाई समाधान हो क्योंकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। साथ ही परिजनों को बच्चों की पढ़ाई की चिंता सता रही है।

### अब सरकार ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला

**नारनौंद।** गांव बास, बडाला, पुट्ठी, बढ़छप्पर, खरबला, मदन हेड़ी, सिंघवा खास, सीसर, मोहला, उगालन, भकलाना, धर्म खेड़ी, घुसकानी, पेटवाड़, पाली सहित विभिन्न गांव में बरसात के बाद खेतों में जलभराव की स्थिति है। इसके कारण किसानों की धान की फसल खराब हो गई थी।

किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुआवजा देने की मांग रखी थी। सरकार इन गांवों के किसानों के लिए नुकसान के दावे अपलोड करने के लिए सरकार ने 31 अगस्त तक क्षतीपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है। 15 सितंबर तक सत्यापन किया जाएगा और उसके बाद जिन किसानों का नुकसान हुआ है उनको मुआवजा वितरित किया जाएगा।

### ◆ आबादी में भी घुसा पानी

*गांव धांसू गांव के खेतों में नरमा कपास की कई एकड़ फसल जल मग्न हो गई हैं। किसान मनीष जांगड़ा ने बताया कि बारिश से नरमा कपास की फसल में दो से तीन फीट खड़ा है लेकिन निकासी के कोई प्रबंध नहीं है। किसानों से गिरदावरी करने और मुआवजा दिए जाने की गुहार लगाई है। सुलखनी, बुगाना गांव में बारिश के कारण नरमा कपास खराब हो गई। दूसरी तरफ मिर्जापुर गांव के पाना महराणा की आबादी में भी पानी घुस गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश का पानी घरों की तरफ पहुंच गया है। प्रशासन द्वारा पानी निकासी के प्रबंध भी किए गए लेकिन अब हुई बारिश से हालात ज्यादा बिगड़ गए। ग्रामीण नरेश कुमार ने बताया कि प्रशासन स्थाई समाधान करें ताकि समस्या से हर बार परेशान न होना पड़े। उधर, बालक गांव में कर्मबीर का मकान बारिश के कारण कंडम हो गया। पीड़ति व्यक्ति ने कहा कि कभी हादसा हो सकता है। पीड़ति ने जिला प्रशासन से गुहार लगाते कहां की प्रशासन आर्थिक सहायता की मदद करें।*

हिसार। गांव मिर्जापुर में जलभराव से घिरा मकान।



### ◆ सुलखनी में बारिश का पानी निकालना शुरू

सुलखनी गांव की इंदिरा आवास बस्ती और स्कूल गेट के सामने वाली गली में खड़े बारिश के पानी को निकालने की कार्रवाई ग्राम पंचायत सुलखनी सरपंच प्रतिनिधि विकास रेलन ने देर रात्रि शुरू करवा दी। रेलन ने कहा कि उनकी कोशिश है कि ग्रामीणों को बारिश के पानी से जल्दी राहत मिल जाए। पंचायत मंगलवार रात से ही पानी निकालने की कार्रवाई तेज कर दी। बुधवार सुबह स्कूल गेट के आगे खड़े पानी को लगभग क्लीन करवा दिया। अब बस्ती के पानी को निकालने में पंचायत जुटी हुई हैं। सरपंच प्रतिनिधि विकास रेलन खुद ही पानी को निकालने में लगे हुए हैं ताकि फिर ये दिक्कत पैदा न हो। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत का ये प्रयास सराहनीय हैं।

### हांसी: विधायक भयाणा ने विधानसभा में की गांवों में जल निकासी की स्थाई व्यवस्था करवाने की मांग

हांसी। विधायक विनोद भयाना ने बुधवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान हल्के के जल भराव वाले क्षेत्र में अतिरिक्त बरसाती पानी निकासी को लेकर स्थाई प्रबंध करवाने की मांग की। विधायक ने कहा कि हांसी हल्का के गांव ढाणा खुर्द, ढाणा कला, रामपुरा, भाटोल जाटान, जीत पुरा, महेंद्रा, चैनत, भाटला, कुम्भा, जमावड़ी, गढ़ी, सोरखी तथा थुराना इत्यादि गांवों में बरसात होने पर अत्यधिक मात्रा में जल भराव होता है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और किसानों की फसलें खराब हो जाती है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इन गांव में बरसाती जल निकासी को लेकर स्थाई प्रबंध किए जाएं ताकि भविष्य में लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। विधायक विनोद भयाणा द्वारा विधानसभा में रखी गई मांग के जवाब में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि हांसी हल्का में बरसाती पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था को लेकर 24 करोड रुपये लागत की सात विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिनमें से तीन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है और चार पर वर्तमान में काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक विनोद भयाना ने जिन गांव में जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। उन गांवों को भी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत टेकअप किया जाएगा। इन सभी गांव में जल निकासी के लिए स्थाई प्रबंध करवाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### 100 किलो सरिया और मोटर चुराने वाला काबू

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने सेक्टर 5 से 100 किलोग्राम सरिया और पानी की मोटर चोरी के मामले में एक आरोपी मिर्जापुर निवासी आशीष उर्फ लट्टू को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि मेला ग्राउंड सेक्टर निवासी प्रदीप कुमार ने सेक्टर 5 स्थित उसके निर्माणाधीन मकान से 100 किलोग्राम सरिया और पानी की मोटर चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। कंस्ट्रक्शन के के चलते 21 अप्रैल 2024 की शाम को सामान संभाला तो 100 किलोग्राम सरिया और पानी की मोटर गायब मिली।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**हिसार।** कैमरी रोड पुल के नीचे ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। सुबह करीब पौने 11 बजे महिला रेलवे ट्रैक के साथ किनारे पर चल रही थी। वह तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आकर ट्रैक पर गिर गई और उसके ऊपर से ट्रेन गुजर गई। सूचना के बाद रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। महिला ने गुलाबी रंग के कपड़े पहने हुए हैं और लाल रंग की चुनरी ओढ़ी हुई है। महिला के पैरों में नीले रंग की चप्पल है।

### अवैध हथियार सहित काबू, कारतूस बरामद

**हांसी।** सिसाय पुल पुलिस चौकी ने चारकुतुब गेट निवासी बंटी को एक अवैध देशी कट्टा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। एएसआई प्रवीन कुमार ने बताया कि चौकी पुलिस को गश्त पड़ताल दौरान सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति समाधा मन्दिर से गणेश कॉलोनी हांसी की ओर अवैध हथियार लेकर आ रहा है। चौकी पुलिस ने शक के आधार पर हिरासत में लेकर तलाशी ली और एक अवैध देशी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### साइबर राहगीरी कार्यक्रम आयोजित

**आदमपुर।** हिसार साइबर थाना पुलिस की ओर से यहां के गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज में साइबर राहगीरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य सिपाही नरेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार साइबर अपराधी सोशल मीडिया, ऑनलाइन शॉपिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, लॉटरी और नौकरी के नाम पर लोगों को ठगते हैं। उन्होंने छात्राओं को यह भी समझाया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।

### पुलिस कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित

**हिसार।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट पुलिस कैडेट (एसपीसी) प्रोग्राम के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक मुदगिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने कैडेट्स को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्य अतिथि ने छात्र जीवन में अनुशासन और अच्छे संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कैडेट्स केवल अपने परिवार और विद्यालय का ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र का गौरव हैं।

### हांसी में पटाखा बुलेट का 32500 का चालान

**हांसी।** किला बाजार पुलिस चौकी प्रभारी एसआई रमेश ने यातायात नियमों के उल्लंघन कर बुलेट बाइक के साइलेंसर को मोडिफाइड करवा कर पटाखा जैसी आवाज पर एक बुलेट चालाक का 32500 का चालान कर बुलेट को इंपाउंड किया। एसआई रमेश कुमार ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान प्रताप बाजार में एक बुलेट सवार व्यक्ति को कागजात जांच के लिए रोका गया। तो जांच के दौरान पाया गया कि उसकी बाइक के सलेंसर से पटाखा जैसी आवाज निकल रही थी।

## पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद व 10 हजार जुर्माना

हिसार। अदालत ने घरेलू कलह के चलते पत्नी की हत्या मामले में दोषी करार गांव उगालन के राहुल को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके अलावा दोषी पर 10 हजार रुपये जुर्माने भी लगाया गया है। बता दें कि करीब तीन साल पुराने मामले में अदालत ने राहुल को मंगलवार को दोषी करार दिया था।अदालत में चले अभियोग के अनुसार उकलाना थाना पुलिस ने 9 अप्रैल 2022 को केस दर्ज किया था। घटना वाले दिन बूढाखेड़ा के मकान में विवाहिता नीतू मायका पक्ष को बैड पर मृत हालत में मिली थी। तब उकलाना की एफसी कॉलोनी की रितु ने पुलिस को बयान देकर कहा था कि मेरी बहन नीतू की शादी साल 2019 में मधुबन (करनाल) के दलजीत के साथ की थी। उन दोनों का तलाक हो गया था। हमने बाद में 27 फरवरी 2022 को नीतू की दोबारा उगालन के राहुल के साथ शादी की थी। मेरी बहन नीतू व जीजा राहुल पारिवारिक कलह के कारण घर छोडक़र बूढाखेड़ा में किराए के मकान में रहते थे। शिकायतकर्ता ने कहा कि नीतू व उसके पति राहुल का मनमुटाव चल रहा था। जिस कारण मैं, मेरा पति विनोद व मां सुनीता कल बूढाखेड़ा में नीतू के घर गए थे और राहुल को समझाया था। मगर वह हमारे साथ ही झगड़ा करने लगा। हम रात को 10 बजे नीतू को वहीं छोडक़र आ गए। हम आज नीतू के घर आए तो वह बैड पर लेटी दिखाई दी और उसके मुंह पर तकिया रखा था। हमने तकिया हटाया तो नीतू के नाक व मुंह से खून बह रहा था और वह मृत हालत में थी। राहुल ने पारिवारिक कलह की रंजिश में मेरी बहन नीतू की गला दबाकर हत्या की है।

■ घरेलू कलह के चलते अप्रैल 2022 में दिया था हत्या की वारदात को अंजाम

## निबंध लेखन प्रतियोगिता : बीएससी द्वितीय वर्ष की अनु रही प्रथम



*हिसार। डायमंड जुबली वर्ष मनाते हुए गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में रसायन विभाग की मैडम क्यूरी रसायन सोसायटी द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 27 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सह-मीडिया प्रभारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की अनु ने प्रथम, बीएससी प्रथम वर्ष की जरीना ने द्वितीय और बीएससी तृतीय वर्ष की हिरल वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. स्वीटी मोंगा, सह संयोजक डॉ. मालविका एवं डॉ. मंजू के साथ सोसायटी के सदस्यों डॉ. मुकेश, सुमन, डॉ. मंजीत, डॉ. सुदेश, अमित एवं डॉ. दुष्यंत ने प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। डॉ. मीरा और डॉ. सुषमा ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. अंजू चौधरी व उप प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सेवदा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की।*

पंचकूला स्थित हरियाणा साहित्य अकादमी भवन में कार्यक्रम आयोजित

## सैनी की पुस्तकें सैनिक जीवन व बसंत आण की उम्मीद पुस्तकों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रसिद्ध साहित्यकार एवं विभिन्न पुस्तकों के रचयिता जयभगवान सैनी द्वारा लिखित पुस्तक सैनिक जीवनः एक संघर्ष गाथा एवं अनुवादित पुस्तक बसंत आण की उम्मीद का लोकार्पण धूमधाम से किया गया। पंचकूला स्थित हरियाणा साहित्य अकादमी भवन में कई वरिष्ठ साहित्यकारों की उपस्थिति में यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, हरियाणा उर्दू अकादमी के निदेशक डॉ. चंद्र त्रिखा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान व डॉ. विजेंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जयभगवान सैनी ने सैनिक जीवनःएक संघर्ष गाथा में पांच सैनिकों की जीवनी को संजोकर सैनिकों के जीवन में आने वाले उतार-चढ़ावों से साक्षात्कार करवाया है। पुस्तक बसंत आण की उम्मीद वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान के कहानी संग्रह का हरियाणवी अनुवाद है। साहित्यकार सैनी ने कहा कि उनका जीवन साहित्य के प्रति समर्पित है और श्रेष्ठ साहित्य सृजन के लिए वे निरंतर जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि जयभगवान सैनी के यात्रा संस्मरण, कविता संग्रह, लघुकविता संग्रह, आत्मकथा, बाल साहित्य व कहानी संग्रह सहित बहुत सी पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। बड़वाली ढाणी निवासी जयभगवान सैनी विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी की और अंत में औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग से प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त होकर साहित्य साधना में जुट गए।



हिसार। पुस्तक लोकार्पण समारोह में उपस्थित साहित्यकार जयभगवान सैनी व अन्य साहित्यकार। *फोटो : हरिभूमि*

100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ क्वालीफाई की

## डेफ ओलिंपिक टोक्यो के लिए चयनित छात्र निलेश का सम्मान

**विद्यालय, शहर का गौरव बढ़ाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र में डेफ ओलिंपिक टोक्यो जापान के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बने निलेश का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला नगराधीश हरिराम ने विद्यालय के छात्र निलेश का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। निलेश ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर आगामी डेफ ओलिंपिक टोक्यो जापान 2025 में 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में क्वालीफाई कर विद्यालय, पूरे शहर और सम्पूर्ण देश का गौरव बढ़ाया है।



हिसार। डेफ ओलिंपिक टोक्यो जापान के लिए चयनित छात्र निलेश को सम्मानित करते नगराधीश हरिराम। *फोटो : हरिभूमि*

### स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किए

नगराधीश हरिराम ने कहा कि निलेश जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और संघर्ष भावना यह संदेश देती है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद अगर हौसला बुलंद हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस अवसर पर निलेश के साथ-साथ विद्यालय के अन्य राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सहायक निदेशक अमित ने किया। उनकी उपलब्धि ने विद्यालय परिवार के साथ-साथ पूरे जिले ओर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

## खबर संक्षेप

### नकदी और आभूषण चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** थाना सदर पुलिस ने सोने चांदी के आभूषण और नकदी चोरी के मामले में एक आरोपी गांव नियाना निवासी गौतम को गिरफ्तार किया है। आरोपी को आगामी गहन पूछताछ और चोरीशुदा आभूषण और नकदी की बरामदगी के लिए 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने अब तक आरोपी से कुछ चोरी शुदा आभूषण और 3 हजार रूपए बरामद किए है। मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक गौतम कुमार ने बताया कि थाना सदर हिसार में 23 अगस्त 2025 को गांव नियाना निवासी हुसैन खान ने उसके घर से सोने चांदी के आभूषण और 4500 रुपये की नकदी चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी।

### शराब ठेके में आग लगाने वाला तीसरा आरोपी काबू

**नारनौंद।** पुलिस ने गांव गुराना के शराब ठेके में पट्रोल छिड़ककर आग लगाने वाले मामले मे तीसरे आरोपित युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसकी पहचान गांव गुराना निवासी सुमित उर्फ मिता के रूप में हुई हैं। पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा में तैनात सब इंस्पेक्टर महेंद्र ने बताया कि आरोपित युवक सुमित ने अपने साथियों के साथ मिलकर 17 अगस्त 2025 को रात को गांव गुराना के शराब ठेके में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी।

### एसपी ने बास थाने का किया औचक निरीक्षण

**नारनौंद।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बास थाने का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने थाना के रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड के निरीक्षण के साथ साइबर डेस्क व महिला डेस्क की जांच की। उन्होंने थाना के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की। कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की भी व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी मनदीप सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना में आने वाली शिकायतों को दर्ज करके उन पर कार्रवाई करे। सभी अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निभाए।

### 744 ग्राम सुल्फा का सप्लायर गिरफ्तार

**नारनौंद।** सीआईए स्टाफ ने 744 ग्राम सुल्फा के असल सप्लायर अक्षय उर्फ बच्ची निवासी बीड़ फार्म को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए स्टाफ नारनौंद में तैनात एएसआई फिरोज खान ने बताया कि आरोपित युवक ने कुछ दिनों पहले नरेश निवासी बीड़ फार्म हांसी को 744 ग्राम चरस (सुल्फा) सप्लाई किया था। आरोपित युवक के खिलाफ थाना शहर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। आरोपित को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### 175 बोतल व 25 लीटर लाहन के साथ 7 काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत थाना सदर हांसी पुलिस ने घिराय निवासी राजेश को 12 बोतल, थाना नारनौंद पुलिस ने राजथल निवासी बलजीत को 25 लीटर लाहन, थाना बास पुलिस ने बडाला निवासी अनवर 12 बोतल देशी शराब व गढ़ी निवासी जयबीर को 12 बोतल तथा थाना शहर हांसी पुलिस ने ढाणी पीरवाली निवासी राधेश्याम को 12 बोतल व डडल पार्क निवासी मनीष को 12 बोतल तथा लक्ष्मण चौतरा निवासी अनिल को 112 लीटर अवैध देशी शराब व 3 बोतल अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है।

### पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता नें सुनी जनसमस्याएं

**हिसार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने भाजपा जिला कार्यालय में जनता की विभिन्न समस्याएँ सुनीं। शिकायतकर्ताओं की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए डॉ. गुप्ता ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से मौके पर ही टेलीफोन पर बातचीत की और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मौके पर सुरेश गोयल धूपवाला, रामचंद्र गुप्ता, प्रो. मनदीप मलिक, लोकेश असीजा, राहुल सैनी, दीपक अग्रवाल, नरेश सिंघल, कृष्ण बिश्नोई, विनोद तोशावाड़, धर्मवीर पानू अनुज जैन, शंकर गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

---

पशुओं को भगाने के मामले में तीन पशुपालकों की पुलिस में शिकायत

# डीसी के आदेश के बाद बेसहारा पशु पकड़ो अभियान में बाधा डालने वालों पर निगम सख्त

## अगस्त माह में अब तक लगभग 750 पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण भेजा

निगम प्रशासन ने पूरी रात चलाया बेसहारा पशु पकड़ो अभियान अधिकारियों के साथ निगमायुक्त नीरज रात को खुद फील्ड में उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान निरंतर जारी है। नगर निगम द्वारा मंगलवार को दिन में 40 बेसहारा पशुओं को पकड़ा वहीं रात्रि के समय 70 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा गया। रात्रि अभियान के दौरान निगमायुक्त नीरज सेक्टर 14 पहुंचे। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण भी मौजूद रहे। मंगलवार रात्रि के समय अभियान के दौरान टीम की रैकी करने वाले और पशुओं को भगाने वाले मामले में तीन के खिलाफ एफआईआर के लिए चौकी में शिकायत दी गई है। इस दौरान पुलिस विभाग की टीम, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा व उनकी टीम, यूनियन प्रधान सुरेन्द्र मौजूद रहे। बेसहारा पशुओं पकड़ो अभियान के सह नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि दिन के अलावा रात को भी पशुओं को पकड़ने का कार्य जारी रहा। नगर निगम द्वारा मंगलवार रात्रि साढ़े 11 बजे से सुबह साढ़े 5 बजे तक 70 पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा। एक अगस्त से अब तक लगभग 750 पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण भेजा गया है।

सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि इस दौरान पशुपालक बाइक और कार द्वारा टीम की रैकी की जा रही थी और पशुपालकों ने पशुओं को भी भगाया। वर्मा ने बताया कि करीब रात के 12 बजे 2 बाइक सवार पशुओं को भगाते हुए पकड़े गए जिनकी एफआईआर के लिए शिकायत नई अनाज मंडी पुलिस चौकी में दी गई और उन पशुपालकों का बाइक पुलिस द्वारा इंपाउंड किया गया। करीब रात्रि अढ़ाई बजे एक पशुपालक पशुओं को भगा रहा था। पुलिस द्वारा उसे पकड़कर पड़ाव चौकी में दिया गया। वर्मा ने बताया कि इन तीनों पशुपालकों के खिलाफ टीम की रैकी करना, पशुओं को भगाना, सरकारी कार्य में बांधा डालना और अभ्रद व्यवहार करने की शिकायत दी गई है। इसके अलावा एक पशुपालक शराब के नशे में भी था।





**हिसार।** बेसहारा पशु पकड़ो अभियान को लेकर चर्चा करते निगमायुक्त नीरज व पशु पकड़ते नगर निगम की टीम।

### कड़ी कार्रवाई की जाएगी

जिला प्रशासन और नगर निगम की और से पशुपालकों को मीटिंग के दौरान ये स्पष्ट कहा गया है कि खुले में पशुओं को न छोड़ें। इसके बावजूद भी शहर में खुले में पशु छोड़े जा रहे है। अब खुले में पशुओं को छोड़ने वालो की पहचान कर पशुपालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को 3 पशुपालकों के खिलाफ एफआईआर के लिए शिकायत दी गई है। **नीरज, निगमायुक्त।**

### रात को इन जगह से पकड़े गए पशु

- ▶▶| सेक्टर 14 से 13 पशु
- ▶▶| नई अनाज मंडी से 11 पशु
- ▶▶| धोबी घाट के पास से 12 पशु
- ▶▶| वाल्मीकि चौक और तेलियान पुल से 11 पशु
- ▶▶| सिविल अस्पताल रोड और बस स्टैंड से 11 पशु
- ▶▶| डीएन कॉलेज रोड और बस स्टैंड के पीछे से 12 पशु

### निगम का सहयोग करें

पशुपालकों से अपील हैं कि खुले में पशुओं को न छोड़े। पशुओं को खुले में छोड़ने से दुर्घटनाए होने का खतरा बना रहता है। नगर निगम के इस अभियान में शहरवासी सहयोग करें। **प्रवीण पोपली, मेयर।**

### बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (नालसा) एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडवोकेट मीनू शर्मा एवं एडवोकेट सुरेश कुमार शर्मा ने संस्थान के लगभग 120 विद्यार्थियों को एंटी ड्रग अवेयरनेस तथा बाल विवाह समाप्ति की पहल विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किए। दोनों वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने की प्रेरणा दी। समापन पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने दोनों अतिथि वक्ताओं को सम्मानित किया।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में जाह्नवी ने मारी बाजी

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में में वाणिज्य, प्रबंधन व अर्थशास्त्र विभाग ने फाइन आर्ट क्लब के साथ विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में प्रथम स्थान पर जाह्नवी व द्वितीय स्थान पर खुशी रहे। सांत्वना पुरुस्कार के रूप में प्रथम स्थान पर दीपिका एवं द्वितीय स्थान पर भारती रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि पोस्टर मेकिंग संदेशों को रचनात्मक और प्रभावशाली तरीके से संप्रेषित करने का एक प्रभावी माध्यम है। इस मौके पर फाइन आर्ट क्लब की संयोजिका डॉ. वलेरिया सेठी, वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ. रेनू राठी व प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ. सुरुचि शर्मा, डॉ. शम्मी नागपाल व सहायक प्राध्यापक स्मृति, भावना ने विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

---

## तीन सरकारी विद्यालयों में सेवार्थ भाव से निर्मित करवाए शौचालय

**हिसार।** जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर ने तीन सरकारी विद्यालयों में अपने खर्चे पर शौचालय बनवाकर सराहनीय कार्य किया है। जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के माध्यम से पटेल नगर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सातरोड खुर्द के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं सातरोड खास की प्राथमिक पाठशाला में लाखों रुपये की लागत से शौचालयों का निर्माण करवाकर विद्यार्थियों को राहत प्रदान की है। जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विद्यालयों का सर्वेक्षण करके पता लगाया कि किन स्कूल में शौचालय की आवश्यकता है। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि नई दिल्ली की बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष बिमल प्रसाद जैन की रचनात्मक सोच के चलते विभिन्न सरकारी विद्यालयों में विभिन्न सुविधाएं सेवार्थ भाव से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी विद्यालयों में लाइब्रेरी की स्थापना, शेड का निर्माण, टॉयलेट का निर्माण व वाटर कूलर की स्थापना में भी बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी का विशेष योगदान रहा है।

## एनसीसी चयन प्रक्रिया संपन्न

**हिसार।** थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी के मार्गदर्शन में बुधवार को गुरु गोरख नाथ जी राजकीय महाविद्यालय खेल ग्राउंड में एनसीसी की चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। चयन प्रक्रिया में 100 छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रक्रिया दो चरणों में संपूर्ण हुई।

पहले चरण में छात्राओं का मेडिकल चैकअप किया गया तथा दूसरे चरण में लिखित परीक्षा लेकर सामान्य ज्ञान की जांच की गई। सभी छात्राओं ने एनसीसी चयन प्रक्रिया में भाग लिया। एनसीसी ऑफिसर कैप्टन स्नेह लता ने छात्राओं को मनोबल बढ़ाया व एनसीसी के महत्व के बारे में भविष्य की में बताया। वहीं प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



### समाजसेवियों के सहयोग के बिना पशु मुक्त हिसार करना संभव नहीं : सत्य काम आर्य



**हिसार।** गोसेवक एवं समाजसेवी सत्य काम आर्य ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा अनेक बार पशु मुक्त महाअभियान चलाया गया। पूर्व में एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने कई बार वार्निंग दी, अब जिला उपायुक्त वार्निंग दे रहे हैं। विगत दिवस 15 गौवंश को महाअभियान के तहत पकड़ा गया। सत्य काम आर्य ने कहा कि पहले हमारे पास एक पुरानी छोटी गाड़ी थी तब 130 पशु एक दिन में पकड़े गए थे। अब हमारे पास तीन बड़ी गाडियां हैं व महअभियान के तहत 15 पशु पकड़े जाते हैं। यह सिस्टम अकेले सरकारी कर्मचारियों के सहारे कामयाब नहीं हो सकता। जब तक समाजसेवियों को आगे नहीं लाया जाएगा, अभियान पूरी तरह सफल नहीं हो सकेगा। इसलिए नगर निगम की टीम समाजसेवियों का सहयोग लेकर आगे बढना चाहिए। ऐसा करने से परिणाम सौ प्रतिशत सामने आएगा।

---

# भूखे को भोजन खिलाने से अच्छी सेवा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर प्रशादम् माता की रसोई ट्रस्ट की ओर से प्रशादम् भोजन सेवा वाहन का सेक्टर 14 स्थित प्रशादम माता की रसोई के सामने से शुभारंभ किया गया। यह वाहन लखीराम परिवार की ओर से भेंट किया गया। कार्यक्रम में डिविजनल कमिश्नर एवं हिसार मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस अशोक गर्ग मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बाबा श्याम की ध्वजा लहराकर वाहन को रवाना किया और कहा कि इस तरह की सेवा करना भगवान की असली भक्ति है। कहा भी जाता है कि नर सेवा नारायण सेवा। भूखे आदमी को भोजन खिलाने से अच्छी सेवा कोई नहीं हो सकती, इसके लिए संस्था और इससे जुड़े लोग बधाई के पात्र हैं। प्रशादम् ट्रस्ट के फाउंडर मेंबर पंकज गर्ग ने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य है कि कोई भी भूखा न सोए। उन्होंने बताया कि अभी तक सेक्टर-14 स्थित प्रशादम् में प्रतिदिन 500 से 600 लोगों को भोजन कराया जाता है। अब इस नए प्रशादम् भोजन सेवा वाहन के माध्यम से रोज़ाना 500 और लोगों को शुद्ध एवं सात्विक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। विशेष रूप से अस्पतालों में उपचार के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों के लिए यह सेवा राहत का कार्य करेगी। यह वाहन फिलहाल सेवक सभा अस्पताल, ऋषि नगर के बाहर खड़ा होकर ज़रूरतमंदों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराएगा। वहां ये वाहन सुबह 11 बजे से डेढ़ बजे तक भोजन उपलब्ध करवाएगा।

लखी राम परिवार के बुजुर्ग रामनिवास गोयल ने कहा कि पूरी उम्र समाज से ही कमाया है, इसलिए समाज को वापस देना भी हर व्यक्ति का दायित्व बनता है। जब सक्षम लोग ज़रूरतमंदों की मदद करते हैं तभी समाज आगे बढ़ता है। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोगों ने भी इस सेवा कार्य की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। मोके पर प्रशादम के वरिष्ठ सदस्य शशि लोहिया, सुनील गोयल, अजय गोयल, प्रमोद गोयल, आनंद गोयल, विनोद बाबा आदमपुरिया, अरुण गोयल, राजेंद्र लावट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




**हिसार।** वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते मंडल आयुक्त अशोक गर्ग।

# पांच स्थानों पर स्लिप रोड निर्माण तथा अन्य कार्यों के लिए 1241.03 लाख की राशि स्वीकृत

## कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने दी जानकारी



■ लोक निर्माण तथा अन्य संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बताया कि हिसार शहर से ट्रैफिक दबाव कम करने को लेकर हरियाणा सरकार द्वारा 5 स्थानों पर निर्माण कार्यों के लिए 1241.03 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस संबंध में गठित की गई कमेटी की अभी तक हुई बैठकों में चर्चा उपरांत लघु अवधि की योजनाओं का प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया था।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि क्लॉथ मार्केट के नजदीक तुलसी चौक टी जंक्शन पर स्लिप रोड बनाने के लिए 76.93 लाख रुपये, ऑटो मार्केट टी जंक्शन नजदीक जीजेयू के पास स्लिप रोड निर्माण के लिए 174.30 लाख रुपये, लघु सचिवालय के समीप हिसार राजगढ़ रोड तथा साउथर्न बाईपास पर स्लिप रोड निर्माण के लिए 385.81 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार से डाबड़ा चौक जंक्शन के सुधार के लिए स्लिप रोड निर्माण के लिए 94.78 लाख रुपये तथा हिसार राजगढ़ रोड व दक्षिण बाईपास के समीप बालसमंद सब ब्रांच पर आरसीसी बॉक्स टाइप पुल सहित स्लिप रोड के निर्माण के लिए 509.21 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। कैबिनेट मंत्री गंगवा ने बताया कि उपरोक्त सभी कार्यों पर जल्द से जल्द कार्य आरंभ करने के बारे में लोक निर्माण तथा अन्य संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

---

### हिसार व हांसी न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत आगामी 13 सितंबर को हिसार एवं हांसी स्थित न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि जिन नागरिकों के केस न्यायालयों में लंबित हैं, वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का निपटारा शांतिपूर्ण ढंग से करवा सकते हैं। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक व पारिवारिक विवादों के साथ-साथ आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम संबंधी विवाद, बैंक ऋण वसूली, बिजली से जुड़े मसले, पेंशन, हाउस टैक्स सहित कई प्रकार के मामलों का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### कुतियाना माईनर टूटी, 20 एकड़ में फसल जलमग्न

**चोपटा।** नाथूसरी चोपटा क्षेत्र से गुजरने वाली कुतियाना माईनर रात को अचानक टूट गई। नहर में करीब 30 फीट चोड़ी दरार आ गई, जिससे करीब 20 एकड़ में नरमा, मुंगफली, मूंग की फसल जल मग्न हो गई। और कई गांवों के किसान सिंचाई पानी से वंचित रह गए। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने नहर टूटने की सूचना दे दी है। चोपटा में से गुजरने वाली कुतियाना माईनर नहर जोड़किया और हंजीरा गांव के बीच किसान सतवीर पूनिया के खेत में रात को अचानक टूट गई। जिससे किसानों पकाने के कगार पर खड़ी करीब 14 एकड़ नरमे की फसल, तीन एकड़ मूंगफली, तीन एकड़ मूंग की फसले पूरी तरह पानी से डूब गई। और नलकूपों व खेत में बनी पानी की डिग्गी के आसपास भी पानी भर गया। किसान विकास, सतबीर, रोहतास का कहना है कि उन्होंने नरमा, मुंगफली, मूंग इत्यादि की फसल की बिजाई कर रखी थी और अब अचानक नहर टूटने से फसल पूरी तरह से जल मग्न हो गई है। अब जब तक पानी नहीं सुखेगा तब तक फसल बर्बाद हो जाएगी। यह फसल तो बर्बाद हो गई। पूरे साल की मेहनत पर पानी फिर गया। इनका कहना है कि सरकार व प्रशासन को मुआवजा देना चाहिए। कुतियाना माईनर से मंजीरा, जोड़किया, कुतियाना, बरासरी, जमाल सहित कई गांवों के खेतों में पानी से सिंचाई की जाती है। अब नहर टूटने से इन गांवों के पानी की बारी वाले किसानों कि फसलें बीना सिंचाई के ही रह गई।



### सायना नेहवाल प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न प्रशिक्षण होंगे आयोजित : डॉ. गोदारा

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में सितम्बर मास के दौरान तीन दिवसीय विभिन्न प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। ये प्रशिक्षण शिविर जरूरतमंदों को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने में सहायक होंगे। संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बआर कम्बोज के मार्गदर्शन में समय-समय पर विभिन्न विषयों से संबंधित प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 2 से 4 सितंबर तक मशरूम उत्पादन तकनीक, 8 से 10 सितंबर तक फल एवं सब्जी परिरक्षण, 10 से 12 सितंबर केंचुआ खाद उत्पादन/ वर्मी कंपोस्टिंग, 15 से 17 सितंबर कृषि में ड्रोन की उपयोगिता तथा 24 से 26 सितंबर तक मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

---

जिलास्तरीय अंडर 14 वर्ग के खेलों का आयोजन

# पहले स्थान पर रिद्धि, दूसरे स्थान पर अंशु, तीसरे पर अंशिका तथा चौथे स्थान पर नैंसी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

शिक्षा विभाग द्वारा जिलास्तरीय अंडर 14 आयु वर्ग के लड़के तथा लड़कियों के लिए टेबल टेनिस खेलों का आयोजन 26 अगस्त को एसबीएस स्कूल माढ़ा में किया गया। इसमें हिसार जिले के विभिन्न स्कूलों से लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें लड़के तथा लड़कियों में से 5-5 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन होना था। जिसमें लड़कों में स्कूल के नवम तथा शौर्य का स्लेक्शन हुआ तथा लड़कियों में पांच में से चार लड़कियाँ का एसबीएस स्कूल चयन हुआ है। इसमें पहले स्थान पर रिद्धि, दूसरे स्थान पर अंशु, तीसरे पर अंशिका तथा चौथे स्थान पर नैंसी रही। इस पर स्कूल के डायरेक्टर डा सुनील चहल ने बताया कि टेबल टेनिस की सभी कैटेगरियो में अंडर 14 आयु वर्ग, अंडर 17 आयु वर्ग तथा अंडर 19 आयु वर्ग में कुल 30 खिलाड़ियों का स्लेक्शन होना था। जिसमें अकेले एसबीएस स्कूल के 21 खिलाड़ियों का चयन हुआ है।



**नारनौंद।** विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल के डायरेक्टर सुनील चहल व अन्य।

### महेन्द्र बडोला चेयरमैन व मुकेश रावत बने प्रधान

**हिसार।** श्री बद्री केदार रामलीला समिति द्वारा इस साल भी हर वर्ष की भांति रामलीला का 45वाँ आयोजन किया जाएगा। रामलीला समिति द्वारा वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें चेयरमैन महेन्द्र बडोला, प्रधान मुकेश रावत बनाया गया है। इनके अलावा वरिष्ठ प्रधान जगतराम जोकर, उपप्रधान उपेन्द्र शर्मा, महासचिव अनील भट्ट, सचिव उमेद बोहरा, कैशियर गजेन्द्र सिंह, स्टेज सेक्रेट्री हीरो सिंह रावत, ओडिटर नवनीत जोशी, निर्देशक दयाकृष्ण हरबोला, माल मंत्री कल्पेश्वर जोशी, प्रबंधक नवीन नेगी, चीफ मार्शल सुनील चौहान, स्टेज-ड्रेकोरेटर अनिल नेगी और राजेन्द्र सिंह, प्रेस सचिव सचिव हरीश भट्ट, मुख्य सलाहकार पीताम्बर दत्त पांडेय एवं अनुसुईया प्रसाद, सलाहकार विनोद रावत और नवीन बडोला को कार्यकारिणी मेंबर चुना गया। रामलीला का मंचन 23 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा, इस वर्ष भी तीसरी बार वृंदावन के कलाकारों द्वारा आचार्य देवेन्द्र बृजवासी के सानिध्य में उनके कलाकारों द्वारा सुन्दर रामलीला और मन मोहक दृश्यों के साथ दिखाई जाएगी।

### बीमार व मृत पशुओं के उठान के लिए प्रशासन ने जारी किए मोबाइल नंबर

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग सभागार में बुधवार को नगराधीश हरिराम की अध्यक्षता में पशु क्रूरता निवारण सोसायटी समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समिति सदस्यों द्वारा रखे गए विभिन्न एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की गई। नगराधीश ने बताया कि जिला हिसार में दुर्घटनाग्रस्त या बीमार पशुओं के उठान के लिए मोबाइल नंबर 7419300051 जारी किया गया है। इस नंबर पर आम लोग सूचना दे सकते है। इसके अतिरिक्त, बेसहारा गौवंश व मृत पशुओं के उठान हेतु नगर निगम हिसार द्वारा भी हेल्पलाइन नंबर 96135-52222 और 90346-83881 जारी किए गए हैं।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गुराना, खंड बरवाला, जिला हिसार में कंडम बिल्डिंग पुराना पंचायत घर, बाल्मिकी चौपाल के पास आंगनबाड़ी बिल्डिंग व पशु अस्पताल की बिल्डिंग की खुली बोली दिनांक 09-09-2025 को सुबह 11:00 बजे पंचायत घर में करवाई जाएगी। सिक्योरिटी राशि तीस हजार रूपए होगी। बोली कि तमाम शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

रामअवतार, सरपंच, ग्राम पंचायत, गुराना खंड बरवाला (हिसार)

प्रमोद कुमार ग्राम सचिव

## स्कूलों में कार्यक्रम हुए, इंडस पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी का भव्य आयोजन

# गणपति महोत्सव की धूम, बच्चों ने लगाए गणपति बप्पा मोरया के जयकारे, दिखा भक्ति का उत्साह

### छात्रों ने गणेश नृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा के साथ गणेश चतुर्थी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भगवान गणेश जी के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने गणेश वंदना पर भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। मंच पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने गणेश नृत्य की ऐसी प्रस्तुति दी जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास से परिपूर्ण भाषणों ने भी कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बनाया।

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने भी भगवान गणेश के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमें धैर्य, नम्रता और सफलता की ओर बढ़ने की सीख देता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणेश चतुर्थी केवल उत्सव नहीं, बल्कि ज्ञान, विवेक और नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सदैव सकारात्मक सोच और अनुशासन अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण गणेशोत्सव के रंगों से सराबोर हो उठा। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर उत्सव को यादगार बना दिया।



हिसार। गणेश चतुर्थी पर शानदार प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### गणेश चतुर्थी पर निकाली शोभायात्रा, स्थापित की प्रतिमा




उकलाना। श्री गणेश मित्र मंडल के तत्वाधान में नगर में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर शोभायात्रा निकाली। यह शोभा यात्रा एप्रोच रोड श्री श्याम मंदिर से शुरू हुई तथा एप्रोच रोड गोल मंडी तथा पुरानी अनाज मंडी की परिक्रमा करते हुए शेड के नीचे समारोह स्थल पर संपन्न हुई। सैकड़ों महिलाओं ने श्री गणेश जी की मूर्ति अपने हाथों में उठाई हुई थी। उसके बाद श्री गणेश जी की बड़ी प्रतिमा समारोह स्थल पर स्थापित की गई जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक गर्ग पनवाड़ी थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक गोयल बिन्टा ने की। पुजारी प्रभाकर झा ने विधिवत्त पूजा अर्चना कर श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापित की। इस मौके पर प्रधान मदन सोनी, शेखर शर्मा, विपिन चक्रवर्ती, अजय सोनी, सुनील सोनी, विपिन गुप्ता, अमन सोनी, हनुमान, राहुल सोनी, पीयूष बंसल, लक्ष्मी गोयल, रजिया कौशिक, रेनू गुप्ता, कमलेश बांसल कालू दनोदा आदि उपस्थित थे।

### गणपति बप्पा के जयकारे से गूंजा कृष्णा देवी गुरुकुल स्कूल



उकलाना। कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने भजन और स्तुति प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गणेश प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली। हाथों में कलश, फूलों की थालियाँ और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच छात्रों ने पूरे विद्यालय परिसर में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए। शोभायात्रा के पश्चात विद्यालय की निदेशिका श्रीमती काजल धायल ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर भगवान गणेश की आरती की, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की निदेशिका काजल घायल ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें भगवान गणेश के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि त्योहारों का उत्सव सादगी, आस्था और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता के साथ मनाना चाहिए।

### आरपीएस स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गणेश चतुर्थी पर्व



हांसी। विद्यालय परिसर में स्थापना के गणेश जी की प्रतिमा लेकर आते विद्यालय संचालक संदीप देसवाल।

हांसी। आरपीएस पब्लिक स्कूल में बुधवार को गणेश चतुर्थी के त्योहार के अवसर पर विशेष प्रार्थना-सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में सर्वप्रथम स्कूली बच्चों ने गणेश वंदना की व उनके जीवन से संबंधित भजन सुनाए और भाषण दिए। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक डॉ. संदीप देसवाल, मुख्य अध्यापिका पूजा राणा व उपप्रधानाचार्य अरुणेश कुमार ने गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की। उन्होंने गणेश जी को तिलक लगाकर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्ज्वलित करके उनका विद्यालय परिसर में स्वागत किया तत्पश्चात गणेश जी भगवान की आरती की और उन्हें लड्डुओं का भोग लगाया। सभा के अंत में विद्यालय संचालक संदीप देसवाल ने विद्यार्थियों को गणेश जी के आदर्शों, उनकी बुद्धि, विवेक और विनम्रता को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने मिलकर 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष के साथ उत्सव को और भी भव्य बना दिया।

### लावट निवास पर गणपति बप्पा विराजित किए पांच दिन चलेगा उत्सव



हिसार। हर वर्ष की भांति इस बार भी ऋषि नगर स्थित लावट निवास पर छठा गणेश चतुर्थी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज प्रातः गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर विधि विधान से गणपति बप्पा को विराजमान किया गया। आशीष पूजा लावट ने बताया कि गणपति बप्पा का उत्सव 5 दिन धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रतिदिन सुबह सवा 10 बजे व शाम को सवा 5 बजे से महाकीर्तन होगा। सायं 7:15 बजे आरती व भोग लगाया जाएगा। 31 अगस्त को सायं 4 बजे गणपति बप्पा का धूमधाम से अबीर, गुलाल व ढोल-नगाड़ों के साथ बिना पर्यावरण को प्रदूषित किए इको फ्रेंडली गणपति का विसर्जन किया जाएगा।

### शांति निकेतन स्कूल में गणेश चतुर्थी पर कार्यक्रम आयोजित




आदमपुर। शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी के अवसर पर बच्चों ने भगवान गणेश की वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने भगवान गणेश का रूप धारण कर आकर्षक मुद्राएं की और गणपति की महिमा व महत्व के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना रहा। विद्यालय परिसर उत्साह और भक्ति से गूंज उठा। विद्यालय के चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। डायरेक्टर अनिरुद्ध बिश्नोई और प्रिंसिपल राजेंद्र ने बच्चों के उत्साह की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### खेलों में दिव्या शर्मा और माधव ने लहराया परचम

हिसार। एसजीएफआई द्वारा महावीर स्टेडियम में आयोजित 58वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत केएल आर्य डीएवी स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र माधव ने अंडर-19 वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करते हुए स्कूल एवं माता-पिता को गौरवान्वित किया। माधव का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हो गया है। इसी प्रकार हांसी में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन-II चैंपियनशिप में कक्षा सातवीं की छात्रा दिव्या शर्मा ने डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में अन्य प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। दिव्या शर्मा ने ही अंडर-14 शॉट पुट प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करके विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। दिव्या का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हो गया है।

### रेड रिबन क्लब ने छात्राओं को टीच एड्स नामक डॉक्यूमेंट्री दिखाई

हिसार। दयानंद कॉलेज में रेड रिबन क्लब की ओर से छात्राओं को टीच एड्स नामक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इस डॉक्यूमेंट्री का प्रसारण रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉ अर्चना मलिक की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बड़े ध्यान से डॉक्यूमेंट्री देखी और इसके माध्यम से उन्हें यह समझने में मदद मिली कि एड्स जैसी बीमारी के बारे में समाज में फैली भ्रांतियों को कैसे दूर किया जा सकता है। इस मौके पर रेड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. अर्चना मलिक, सह-संयोजिका डॉ. शर्मिला गुणपाल, डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई, डॉ. नीरू बाला, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. छवि मंगला तथा प्रो. शालू का सराहनीय योगदान रहा।

### दिव्यांग केंद्र में कल लगेगा नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर

हिसार। जनकल्याण की सोच को चरितार्थ करते हुए 29 अगस्त को चौ. फतेहचंद व माता हरबंस कौर की स्मृति में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल ने बताया कि शिविर का आयोजन समाजसेवी अनिल महता द्वारा किया जाएगा। शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद के मरीजों का अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## राव निहाल सिंह स्कूल की टीम बनी चैंपियन

- श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई गर्ल्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन
- 318 स्कूलों की 1971 छात्राओं ने लिया भाग, हांसी स्टेडियम में बनाया जाएगा रनिंग कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल हांसी में आयोजित राज्यस्तरीय सीबीएसई एथलेटिक्स गर्ल्स क्लस्टर चैंपियनशिप का बुधवार को हिसार के गिरी सेंटर में भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ 25 अगस्त को श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हुआ था। लेकिन प्रतियोगिता के बीच में आई बरसात के कारण आयोजन स्थल बदलकर गिरी सेंटर के प्रांगण में शेष प्रतियोगिताएं पूरी करवाई गईं। मौसम की बाधाओं के बावजूद चैंपियनशिप बेहद सफल और उत्साहजनक रही। प्रतियोगिता में राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल दरौली जिला रेवाड़ी की टीम ने चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया।



हांसी। ओवरऑल विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर व खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित करते आयोजन समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### प्रतिभा का प्रदर्शन किया

प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए 318 स्कूलों की 1971 स्टूडेंट ने प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खेल मैदान पर लड़कियों का जोश और जज्बा देखने लायक रहा। समापन समारोह में गिरी सेंटर के डीन एसके पाहुजा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को पदक दिए।

#### आधुनिक रनिंग कोर्ट का होगा निर्माण

इस अवसर भाजपा नेता और स्कूल प्रबंधक राजपाल यादव ने कहा कि हांसी के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हांसी स्टेडियम में भी गिरी सेंटर की तर्ज पर आधुनिक रनिंग कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। इससे स्थानीय और आसपास के जिलों के खिलाड़ी उच्चस्तरीय प्रशिक्षण ले सकेंगे और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। आयोजन की सफलता पर स्कूल प्रबंधन और खेल विभाग की संयुक्त टीम ने संतोष जताया और विश्वास दिलाया कि भविष्य में हांसी खेलों के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाएगा।

### होली चाइल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने किया मोक्ष वृद्धाश्रम का भ्रमण



हिसार। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने विद्यालय के सोशल क्लब की ओर से मोक्ष वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। इस अवसर पर कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बुजुर्गों से भेंट की। विद्यार्थियों ने कहा कि उन्हें बुजुर्गों के जीवन अनुभव सुनकर और उनकी आत्मीयता पाकर बहुत अच्छा लगा। यह अनुभव उन्हें जीवन पर्यन्त याद रहेगा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने इस अवसर पर कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का केन्द्र नहीं होते, बल्कि बच्चों में संस्कारों का समावेश करना भी आवश्यक है। यदि बचपन से ही बच्चों में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और दया भाव विकसित हो जाए तो समाज में वृद्धाश्रमों की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने कहा कि विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। इस भ्रमण कार्यक्रम में शिक्षिका मोनिका और शिक्षक राहुल सिंह ने विशेष योगदान दिया।

### एचकेएसडी स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन




हिसार। नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्ज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हैड गर्ल अंशु, हैड ब्याय तरुण, डिसीप्लीन हैड वंशिका व स्पोटर्स हैड तृप्ति एवं अन्य चयनित सदस्यों को सैशे पहनाकर एवं बैज लगाकर कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलवाई गई। प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने नवगठित कैबिनेट के सदस्यों का हौंसला बढ़ाते हुए उन्हें उनके कर्तव्यों से अवगत करवाया। इस अवसर पर स्कूल के सभी छात्र व स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहा।

## डोगरान मोहल्ला में सीवरेज जाम, दुकानदार खफा

### पार्षद ने भी विभाग को पत्र लिखा लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई

हिसार। डोगरान मोहल्ला में काका आइस फैक्ट्री के पास की मुख्य सडक़ पर महीनों से सीवरेज की समस्या का स्थाई हल न होने से दुकानदार खफा है। दुकानदारों ने कई बार वार्ड तीन की पार्षद ज्योति वर्मा को शिकायत की।

पार्षद ने जन स्वास्थ्य विभाग को लिखित में शिकायत दी किंतु आज तक कोई स्थाई समाधान नहीं निकल पाया है। इस सडक़ के आसपास के दुकानदारों को रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। दुकानदार सज्जन गोयल, राजेश कंसल, महेश कुमार, जगदीश चंद्र, नवीन कुमार, केशव गोयल आदि ने कहा है कि इस सडक़ पर महीनों से सीवरेज की समस्या मुंह बाए खड़ी है। आए दिन सडक़ पर गंदा पानी जमा हो जाता है। सैंकड़ों छात्र रोजाना स्कूल-कॉलेज आते-जाते हैं। स्कूल-कॉलेज पार्षद को कई बार शिकायत की। सीवरेज साफ करने वाले कर्मचारी आते हैं, फट्टी मारकर चले जाते हैं। पार्षद ने विभाग के उच्चाधिकारियों को लिखित पत्र में कहा है कि सख्त निर्देश देकर इस समस्या का स्थाई समाधान करवाया जाए ताकि दुकानदारों को राहत मिल सके।



हिसार। डोगरान मोहल्ला की मुख्य सडक़ पर जमा सीवरेज का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

प्रयास | पठन कौशल को व्यक्तिव के विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ : डॉ. यशुराय तायल

## कॉलेज में विद्यार्थियों में पठन कौशल को बढ़ाने के लिए पुस्तक पाठन प्रतियोगिता हुई, आयुषी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

दयानदं कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से विद्यार्थियों के पठन कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए पुस्तक पठन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आयुषी द्वितीय स्थान पर पूजा तथा तृतीय स्थान पर लक्ष्या कुंडू रहे तथा कुसुम एवम रिशा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. यशुराय तायल ने पठन कौशल को व्यक्तिव के विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के बौद्धिक और रचनात्मक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं पुस्तकें पढ़ना केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि यह हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और जीवन को एक नए दृष्टिकोण से देखने में भी मदद करता है। कार्यक्रम में मंच का संचालन परांतक ने किया एवं निर्णायक मंडल में मंजीत तथा मधुर वेदान्त शामिल रहे।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक बैठक हुई



हांसी। संधि-सेतु एलुमनी एसोसिएशन, राजकीय महाविद्यालय की वार्षिक बैठक राजकीय महाविद्यालय हांसी परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से प्रधान सी.ए. परमजीत सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने महाविद्यालय के नव-नियुक्त प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी का बुक्के एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया। प्राचार्य को एसोसिएशन द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों से अवगत कराया गया तथा भविष्य में किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। वार्षिक बैठक के लिए निर्धारित सदस्यों की संख्या अपेक्षित न होने के कारण यह निर्णय लिया गया कि सभा की तीसरी बैठक 11 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। बैठक के उपरांत एलुमनी एसोसिएशन के प्रधान सी.ए. परमजीत सिंह ने प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी तथा उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

